ग्रामीणों से अवैध शराब की पांच पेटियां जब्त

बोलोरो से ले जा रहे थे शराब

नवभारत न्यूज

मुरारिया 30 जुलाई, एक ओर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्यभर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर लटेरी तहसील के ग्रामीण अंचलों में यह मुहिम पूरी तरह विफल होती नजर आ रही है.

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद लटेरी के गांवों में अवैध शराब का कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से फल-फूल रहा है.जहां शासन प्रशासन समस्त थानों में सरकारी स्कूलों में नशे से दूरी है जरुरी, नशा मुक्ति

अभियान चला रहा है.भीड़ जुटाकर नारेबाजी करा रहा है. वहीं शराब ठेकेदार की दबंगता शराब कर्मचारीयों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है.वहीं थाना क्षेत्र की पुलिस है.अनजान ग्रामीणों द्वारा पुलिस से पूछे जाने पर पुलिस अनजान बनी बैठी है.जबकि शराब ठेकेदार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मोटरसाइकल जीप वाहनों से धड़ल्ले से अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है.

ऐसा ही एक ताजा मामला लटेरी के ग्राम मुरारिया में देखने को मिला है जहां एक बोलेरो वाहन जिसमें अवैध शराब की पांच पेटियां रखीं थीं जो कि ग्राम में तस्करी करने आया था.इसी दौरान बोलेरो वाहन चालक ने एक गाय को टक्कर मार दी.जिससे वह गाय घायल हो गई वहीं मुरारिया के ग्रामीणों की एवं सामाजिक संगठन जन चेतना मंच की सक्रियता से तस्करी करने आई बोलेरो वहान को रोक लिया गया.जिसकी गतिविधियों पर संदेह करते हुए तलाशी लेने पर पांच पेटी अवैध शराब की रखी हुई पाई गई उसी समय ग्रामीणजन एवं जन चेतना मंच कार्यकर्ता विनेश मालवीय, रवि शर्मा, वीरू धाकड़, विशेष योगी, जितेंद्र धाकड़ आदि वहां मौके पर पहुंच गए और थाना मुरवास को मोबाइल लगाकर अवैध शराब तस्करी की जानकारी दी सूचना मिलते ही मुरवास पुलिस मौके पर पहुंच गई और बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर अवैध शराब की पांच पेटियां पाई गईं जिसे थाना मुरवास में कार्रवाई हेतु ले जाया गया। मुरवास पुलिस ने बोलेरो वाहन रजिस्ट्रेशन नं एमपी 40 जेडजी 6542 को अवैध शराब सहित जप्त कर आरोपी हरिओम विश्वकर्मा के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.

एमआरपी से अधिक वसूले जा रहे शराब के दाम

खास बातें

- **लटेरी में खुलेआम शराब ठेके पर लूटी जा रही जनता की जेब**
- **जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

नवभारत न्यूज

लटेरी 30 जुलाई, नगर में स्थित शराब ठेके पर ग्राहकों से खुलेआम एमआरपी से अधिक दाम वसूले जाने का मामला सामने आ रहा हैं.इस अवैध वसूली पर ठेके पर मौजूद कर्मचारी से सवाल किया गया, तो उसने साफ तौर पर कहा जो हमारे ठेकेदार ने कहा है उसी रेट पर शराब बेचेंगे. आपको जो करना है, कर लो.इस बयान से साफ है कि ठेके पर न केवल मनमानी कीमत वसूली जा रही है, बल्कि प्रशासनिक नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से यह ठेका एमआरपी से अधिक दाम वसूल रहा है और ग्राहकों को मजबूरी में वह कीमत चुकानी पड़ रही है, जो सरकार द्वारा तय दर से कहीं अधिक होती है.सवाल उठता है कि क्या प्रशासन को इस गैरकानूनी गतिविधि की जानकारी नहीं है या जानबूझकर आँखें मूँद ली गई हैं.मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अनुसार, किसी भी लाइसेंसी दुकान पर शराब केवल निर्धारित एमआरपी पर बेची जा सकती है. इससे अधिक कीमत वसूलना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि जनता के साथ खुली धोखाधड़ी भी है.

स्थानीय लोगों की मांग हो कड़ी कार्यवाही

लटेरी के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि इस ठेके पर सख्त जांच की जाए, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो और भविष्य में इस प्रकार की लूट को रोका जाए ओर तो ओर यहां दुकान पर मीडिया कर्मियों को रेट लिस्ट भी कभी देखने को नहीं मिली आबकारी विभाग गहरी नींद में सो रहा हे या फिर जागते हुए भी सोने का नाटक कर रहा है.मीडिया कर्मी कई बार अपने समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित करके विभाग को जगाने का प्रयास कर चुका हे इससे लगता हे कि आवकारी विभाग सो नहीं रहा बल्कि सोने का नाटक कर रहा है.

पटवारियों ने कलम बंद हड़ताल के साथ तहसील कार्यालय में जमा किये बस्ते

एसडीएम द्वारा बिना जांच किये की गयी निलंबन की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

नटेरन, बुधवार को नटेरन मे तहसील नटेरन के सभी पटवारियों ने अनिश्चितकलीन कलमबंद हड़ताल के साथ अपने बस्ता जमा किये. हाल ही मे नटेरन एसडीएम ने बिना किसी जांच किये और बिना गलती के ही पटवारी संदीप यादव को बिना जानकारी दिये एक झूठी शिकायत पर निलंबित कर दिया. एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने अपने निलंबन आदेश में ललिता प्रसाद शर्मा ग्राम मरखेड़ा की भूमि सर्वे क्रमांक 821/1 का पटवारी द्वारा सीमांकन उपरांत रिपोर्ट जमा नहीं करने एवं सर्वे क्रमांक 822 का सीमाकन न करने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गिकरण एवं नियंत्रण) 1966 के नियत 9 के तहत हल्का पटवारी मरखेड़ा संदीप यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबन किया था.वहीं पटवारी संघ के प्रवक्ता नीरज तिवारी ने बताया की आवेदक ललिता शर्मा ने सर्वे क्रमांक 821/1 का सीमांकन करने आवेदन किया था जिसका पटवारी ने सीमांकन कर रिपोर्ट तहसील मे जमा कर दी थी जिसका तहसीलदार द्वारा आदेश भी जारी हो चुका था जबकि सर्वे क्रमांक 822 का सीमाकन कराने के लिए कोई आवेदक द्वारा तहसील कार्यालय अथवा लोकसेवा केंद्र मे आवेदन प्रस्तुत नहीं किया था.उसके बाद भी झूठी शिकायत पर बिना जांच किए पटवारी संदीप यादव को निलंबित कर दिया.अगर संदीप यादव को जल्दी बहाल नहीं किया गया ओर झूठी शिकायतकर्ता पर वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई तो 1 अगस्त के बाद पूरे जिले मे पटवारी संघ आंदोलन करेगा जिसकी जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी.वहीं एसडीएम अजय प्रताप कहना है कि पटवारियों ने अभी आवेदन दिया है जिसे वरिष्ठ कार्यालय के लिए कार्यवाही के लिए संप्रेसित कर दिया जाएगा.

चौरसिया समाज ने मनाया नागपंचमी का पर्व

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, चौरसिया समाज ने नागपंचमी का पर्व लाल पठार स्थित देसाई गार्डन में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया.आज सुबह से ही चौरसिया समाज के संतोष चौरसिया (आर्मी), डॉक्टर रमाकांत चौरसिया, संतोष चौरसिया शिक्षक, कृष्ण गोपाल चौरसिया द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर, अभिषेक, हवन पूजन, भगवान शिव का श्रृंगार कर, पूजा अर्चन कर, महाआरती की गई. समाज की दीपिका चौरसिया, मोहिनी चौरसिया, पलक चौरसिया, शिवानी और अनामिका चौरसिया द्वारा भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया. उपस्थित समाज महिलाओं ने भगवान शिव की स्तुति और मंगल भजन गाकर, धर्म लाभ लिया। पंडित अनिल भार्गव एवं सौरभ भार्गव ने पूरे विधि विधान और मंत्रों के साथ शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, हवन पूजन और महाआरती सम्पन्न कराई गई.उक्त कार्यक्रम में प्रकाश, महेश, विष्णु, उमेश, धर्मेंद्र, देवेंद्र, प्रमोद, महेंद्र, अंकित चौरसिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ.इस अवसर पर नगर के चौरसिया समाज के सभी स्वजाति बंधुओं ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान शिव की पूजा अर्चन की.

ग्रीन वैली कॉलोनाइजर पर लगाया आरोप

प्रशासन में बैठे अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा ,नगर के अनेक कॉलोनाइजर नियम शर्तों का खुलेआम उलंघन कर रहे हैं ग्रीन वैली कॉलोनाइजर के विरुद्ध आज वहां के रहवासियों ने प्रशासन में बैठे अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की उनका कहना है कि कॉलोनी में सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए कोई सुरक्षा गार्ड नहीं है पानी, बिजली, सड़क नालिया गटर पानी निकास के लिए नहीं है जो कार्य कराए गए हैं.वह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. घटिया निर्माण के चलते यहां के रहवासी बहुत परेशान है. कॉलोनाइजर ने बड़े-बड़े सपने दिखाए थे पार्क होगा मंदिर के साथ अन्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी परंतु कोई सुविधा नहीं है सुरक्षा गार्ड न होने के कारण चोरियां हो रही है बदमाश नशेले घूमते रहते हैं गंदगी के ढेर लगे हैं बदबू आती रहती है कभी सफाई नहीं होती सांसद के साथ कलेक्टर को भी शिकायत कर चुके हैं यहां के निवासी परंतु कोई सुनने देखने वाला नहीं है कॉलोनाइजर फोन भी नहीं उठाता कोई सुनने देखने वाला नहीं है बरसात के दिनों में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

एनएसएस के तत्वावधान में रौपा एक पौधा मां के नाम

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, बुधवार को स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विद्यालय परिवार ने परिसर में आम, जामुन, बोगनबेलिया, अशोक सहित 11 अन्य पौधों का रोपण किया गया. साथ पौधों का संरक्षण और संवर्धन में सहयोग करने का संकल्प लिया गया. संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने शिक्षक परिवार से आह्वान किया कि एक- एक व्यक्ति एक एक पेड़ के संरक्षण का दिल से पालन करें तो हमारा शहर हरियाली से भर जाएगा.इसके लिए हर बच्चे को प्रेरित करना होगा. इस अवसर पर उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, गोविंद कुशवाह, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, विवेक दुबे, श्रीराम प्रजापति, संजय जैन, विक्रांत सोनी, आकाश साहू मौजूद रहे.

एक नजर में

अनाथ बालिका का बनवाया आधार कार्ड

नवभारत न्यूज

विदिशा, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला विधायक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से एक ढाई वर्षीय अनाथ बालिका के आधार कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई की गई. बालिका के पिता की मृत्यु होने एवं मां के छोड़कर चले जाने के बाद बालिका अनाथ हो गई थी जिसका आधार कार्ड नहीं बन रहा था जिसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोड़ा के लगते ही उनके द्वारा स्वत संज्ञान लेते हुए बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका की दादी को बालिका का संरक्षक नियुक्त किया गया संरक्षक बनते ही बालिका के आधार कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की गई. शांति बालिका को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया जिसमें मलिक को प्रतिमाह 4 हजार की राशि प्रदान की जाएगी

तुलसीदास जी की जयन्ती महोत्सव आज

नवभारत न्यूज

विदिशा, किरी मोहल्ला स्थित श्री रघुनाथ जी के मन्दिर में श्रावण शुक्ल सप्तमी, 31 जुलाई, गुरूवार को रात्रि 8 बजे से धर्मसंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् पूर्व-प्राचार्य कैलाश नारायण शर्मा की अध्यक्षता एवं धर्माधिकारी गिरधर-गोविन्द प्रसाद शास्त्री के मुख्यातिथ्य एवं पुरातत्वविद-वरिष्ठ अधिवक्ता गोविन्द देवलिया के विशिष्ट आतिथ्य में संत शिरोमणि गोस्वामी श्री तुलसीदास जी की जयन्ती महोत्सव आयोजित किया गया है.

मनाया मित्रता दिवस

नवभारत न्यूज

विदिशा, 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर सभी मित्रों ने मिलकर मनाया.सर्वोदय आनंद क्लब विदिशा के अध्यक्ष एव राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव के स्वास्थ्य अच्छा रहे और उनको शुभकामनाएं दीं.सर्वोदय आनंद क्लब विदिशा के सचिव राजीव भार्गव के द्वारा एवं अन्य आनंदक डॉ शिवराज सिंग ठाकुर, अंजेश झरिया अरविंद अवस्थी, उमेश ताम्रकार संजीव शर्मा एवं अन्य आनंदको के द्वारा मित्रता दिवस पर उनके घर पर जाकर उनका उत्साह और मनोबल बड़े ओर स्वस्थ रहे.मित्रता दिवस पर मित्रों से मिलकर उन्हें बहुत मानसिक रूप से उनका मनोबल बढ़ाया और वह स्वस्थ होकर फिर से आनंद के लिए अपनी सेवा भाव जो करते आ रहे हैं वह करें.सर्वोदय आनंद क्लब के सचिव ने बताया कि विजय कुमार श्रीवास्तव बिल्कुल स्वस्थ है और कंप्लीट रेस्ट रहेगा और सभी मित्रों से अनुरोध की मित्रता दिवस पर उन्हें जरूर उनके मनोबल बढ़ाने के लिए बहुत शुभकामनाएं बधाई दें.

हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ नशा मुक्ति अभियान का समापन

नवभारत न्यूज

पठारी, पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान का समापन 30 जुलाई को होना था नशा मुक्ति अभियान का समापन नागरिकों को शपथ दिलाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया.पुलिस द्वारा नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान मुख्य बस स्टैंड पर नागरिकों को नशा के प्रति जागरूक करके हस्ताक्षर कराए गए एवं तहसील परिसर में भी नशा मुक्ति अभियान के तहत नागरिकों को एकत्रित कर नशा के प्रति जागरूक किया गया एवं शपथ के साथ हस्ताक्षर कराए गए एवं नशा मुक्ति अभियान का समापन किया गया इस दौरान सौरभ दीक्षित सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा.

एक दर्जन से अधिक पौधों का हुआ रोपण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, श्री देवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति के अंतर्गत श्री गोपाल कृष्ण गौशाला परिसर में हरियाली तीज के अवसर पर गौशाला के संस्थापक एवं कथावाचक पंडित देवेंद्र भार्गव, विधायक हरिसिंह जी रघुवंशी, एसडीएम विजय राय ,आलोक भार्गव जेलर, नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी जनपद में प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी तथा अनेक गणमान्यों की उपस्थिति में एक दर्जन से अधिक नीम, गुलमोहर, पाम, कदम, पारिजात किस्मों के पौधों का रोपण किया गया. पहले विधायक जी और अन्य अतिथियों द्वारा गौ माता की श्री मुन्ना लाल शास्त्री जी ने पूजा करा कर पौधों को भी तिलक लगाकर पूजन की गई, फिर एसडीएम सभी अतिथियों ने पूरी गौशाला का भ्रमण किया, विधायक रघुवंशी जी एवम एसडीएम राय ने गौशाला की स्वक्षता एवम सेवा से प्रभावित होकर बहुत ही सराहना की. इस अवसर पर श्री रामनारायण पलोड, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव , किशन अग्रवाल , नरेंद्र राजपूत खडेर ,पवन रिछारिया, गगन दुबे पत्रकार पंचतत्व के सदस्य प्रमोद सिंह राजपूत ,धर्मेंद्र रघुवंशी सरपंच फतेहपुर खुमान सिंह रघुवंशी, राजेंद्र रघुवंशी, राजेंद्र व्यास , शैलेन्द्र जैन बड़कुल , जसवंत रघुवंशी ,शैलेन्द्र यादव, सोनू बड़कुल, कृष्ण गोपाल दुबे ,भूपेंद्र ठाकुर, चेतन पाठक, आयुष पाठक, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे.

अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छों से करने के साथ रोपण करने के लिए पौधे भेंट किए गए.

इस अवसर पर गौशाला के संस्थापक एवं कथावाचक पंडित देवेंद्र भार्गव ने कहा कि हमारा परम गौरव है कि हम गौ माता की इस सेवा बाली गौशाला में जहां पर बहुसंख्यक गौ माता बिराजती है जिनका कोई सहारा नहीं है ऐसी गौमाताओं की सेवा की जाती है ऐसी गौशाला में पौधे लगाकर हरियाली कर, उन्हें उन्हीं के लिए जंगल जैसा माहौल प्रदान कर पाएं जिससे वो यहां वहां विचरते समय पेड़ों की छांव में बैठ सकें, उन्होंने सभी अतिथियों का पौधारोपण में पधारने का आभार भी व्यक्त किया इसके पश्चात विधायक एवं

निःशुल्क सेवा
♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / निविदा / 25 / 1745 :: ई-टेंडर आमंत्रण सूचना :: सिरोंज दिनांक 30/07/2025

निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2025_UAD_440778_1	वार्ड 21 में नगर पालिका के वाहन पार्किंग हेतु शेड निर्माण कार्य।	4 माह लागत-8106703	10000/- EMD-60800/-	02.09.2025 17.30 PM

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा एवं निविदा दरें जमा करने के पूर्व निविदा दस्तावेज में दी गई सभी शर्तों की भलि भांति जांच लें।

(मिथलेश कुमार दीक्षित) उपयंत्री-नगर पालिका परिषद, सिरोंज

(रामप्रकाश साहू) मुख्य नगर पालिका अधिकारी- नगर पालिका परिषद, सिरोंज



आर्कषण

मनमोहक झरने को देखने व नहाने दूर दूर से पहुंच रहे लोग

बरसात में गुलगांव स्थित झरना बना आकर्षण का केन्द्र, उमड़ी भीड़

नवभारत न्यूज

सांची, नगर से महज डेढ़ किलोमीटर दूर गुलगांव रोड पर स्थित पहाड़ी झरना इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.बारिश के मौसम में पहाड़ियों से गिरता झरना जहां एक ओर कलकल करती ध्वनि से वातावरण को सुरम्य बना देता है, वहीं झरने से बहता दूधिया जल प्रवाह लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता है.

हरे-भरे पहाड़ों के बीच प्राकृतिक रूप से बहता यह झरना, बरसात के दिनों में अपनी

पूरी रौनक पर होता है.इसकी सुंदरता को निहारने के लिए आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं.लोग वाहनों—जैसे बाइक, जीप और कारों में अपने परिवार और मित्रों के साथ इस झरने का आनंद लेने पहुंचते हैं.झरने के समीप छुट्टी के दिनों में तो मेला-सा दृश्य नजर आता है.कई लोग यहां पिकनिक मनाते दिखाई देते हैं.कभी-कभी भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि झरने की ओर जाने वाले रास्ते पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है.स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर पुलिस को भी यातायात व्यवस्था संभालने के लिए मोर्चा संभालना पड़ता है.झरने के पास पर्याप्त सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद, लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने हर वर्ष यहां खिंचे चले आते हैं. स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन इस स्थल का विकास करे, तो यह एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर सकता है.